# वज़न घटाने की दवा के घातक साइड इफेक्ट

वर्तमान में अमरीका के खाद्य व औषधि प्रशासन ने वज़न घटाने की मात्र एक दवा को मंज़ूरी दी हुई है और लगता है कि उस पर भी प्रतिबंध लगाने की नौबत आ जाएगी। ओर्लिस्टैट नामक इस दवा के घातक साइड प्रभावों के मद्देनज़र यह मांग बलवती होती जा रही है कि इस दवा पर प्रतिबंध लगाया जाए।

ओर्लिस्टैट का रासायनिक नाम टेट्राहाइड्रोलिपस्टैटिन है और इसे इस तरह तैयार किया गया है कि यह वज़न बढ़ने से रोकती है। दरअसल ओर्लिस्टैट पैंक्रियाज़ के एक एंज़ाइम लाइपेज़ के अवरोधक एंज़ाइम का थोड़ा संशोधित रूप है। वह लाइपेज़ अवरोधक है लिपस्टैटिन और इसे एक बैक्टीरिया से प्राप्त किया गया है। लाइपेज़ हमारी आंतों में वसा के अवशोषण में मदद करता है। जब लाइपेज़ की क्रिया बाधित होती है, तो आंतों में वसा का अवशोषण नहीं हो पाता। यानी आपको उतनी ऊर्जा नहीं मिलती और फलस्वरूप आप दुबले होने लगते हैं।

जब यह दवा बाज़ार में आई थी तो इसका एकमात्र साइड प्रभाव यह बताया गया था कि आंतों में वसा का अवशोषण नहीं होने की वजह से वह वसा मल के साथ निकलती है और मल बहुत चिकना हो जाता है। मगर जब दवा का इस्तेमाल शुरू हुआ और विपणन-उपरांत अध्ययन शुरू हुए तो अन्य साइड प्रभाव सामने आने लगे।

सबसे पहले पता चला कि ओर्लिस्टैट (ब्रांड नाम ज़ेलिकेन या एली) के सेवन से लीवर को नुकसान होता है। इसके चलते इस दवा के लेबल पर नई चेतावनी जोड़ी गई थी। आगे चलकर उपभोक्ता समूह पब्लिक सिटिज़न ने खाद्य व औषधि प्रशासन के दस्तावेज़ों के अध्ययन के आधार पर बताया था कि ओर्लिस्टैट पैंक्रियाज़ को भी नुकसान पहुंचाती है।



कनाडा के ओंटारियो प्रांत में ओर्लिस्टैट का सेवन करने वाले 900 व्यक्तियों के अध्ययन से यह बात सामने आई थी कि उनमें गुर्दे की क्षति सामान्य से दो गुनी है। इसका कारण यह बताया गया था कि ओर्लिस्टैट की उपस्थिति में आंतों में ऑक्सेलिक अम्ल का अवशोषण ज़्यादा होता है जो जाकर गुर्दों में जमा हो जाता है। पब्लिक सिटिज़न के मुताबिक अब तक ओर्लिस्टैट के सेवन के कारण गुर्दों में पथरी के 73 मामले सामने आ चुके हैं। इस अध्ययन में कुल 953 ओर्लिस्टैट सेवनकर्ताओं को शामिल किया गया था। देखा गया कि ओर्लिस्टैट का उपयोग शुरू करने से पहले इस समूह में मात्र 0.5 प्रतिशत लोग गुर्दों की तकलीफ से पीड़ित थे मगर ओर्लिस्टैट का सेवन शुरू करने के बाद यह प्रतिशत बढ़कर 2 हो गया।

*आर्काइव्स ऑफ इंटर्नल मेडिसिन* में प्रकाशित इन परिणामों के आधार पर पब्लिक सिटिज़न ने यू.एस. खाद्य व औषधि प्रशासन से मांग की है कि ओर्लिस्टैट को तत्काल बाज़ार से हटाया जाए। ***(स्रोत फीचर्स)***